Title : National Rural Employment Guarantee Bill

## NATIONAL RURAL EMPLOYMENT GUARANTEE BILL ,2004- contd.

MR. SPEAKER: Thank you very much. Now, the House will take up item No. 17 − further consideration of the motion moved by Dr. Raghuvansh Prasad Singh.

I wish to express my greatest appreciation to all the hon. Members who took part in this debate till almost midnight yesterday which shows their commitment to the functioning of this House and the sincerity and the great concern they have shown to this House and to the subject matter. It is so commendable. I am sure that it will be recognised by all concerned, particularly the people of this country, that this House does function for them.

Now the hon. Minister, Dr. Raghuvansh Prasad Singh, to reply.

**ग्रामीण विकास मंत्री (डा. रघुवंश प्रसाद सिंह) :** अध्यक्ष महोदय, आज एक ऐतिहासिक दिन है क्योंकि आपने इस तरह के विधेयक को पारित करवाने की कृपा की। आपने सही कहा कि विधेयक पर बहस 18 तारीख से शुरू हुई और कल रात साढ़े ग्यारह बजे तक चली, जिसमें 70 माननीय सदस्यों ने हिस्सा लिया। जो माननीय सदस्य बहस में हिस्सा नहीं ले सके, उन्होंने अपना लिखित वक्तव्य टेबल पर रख दिया। इससे समझा जा सकता है कि माननीय सदस्यों ने इसमें कितनी रूचि ली है। सदन में माननीय सदस्यों ने इतना उत्साह, इतनी रूचि ली और इस पर गहराई से सोच-विचार कर ऐसा विश्लेषण किया जो पहले कभी नहीं देखा गया। यह विधेयक का महत्व बताता है। सभी पार्टी के माननीय सदस्यों ने बड़ी गहराई से इसमें रूचि ली। बड़ा संयोग है कि 18 तारीख को इस विधेयक की शुरुआत हुई, 19 तारीख को रक्षाबंधन था, 20 तारीख को स्वर्गीय राजीव गांधी के जन्म दिन को देशभर के लोगों ने सद्भावना दिवस के रूप में मनाया और आज इसे पारित करने का मुहुर्त आ गया है। इसमें सभी पक्षों के माननीय सदस्यों का भारी उत्साह और समर्थन रहा। कुछ कतिपय सुझाव क्या हैं, उनके बारे में मैं बहस के उत्तर में बताऊंगा, लेकिन सभी माननीय सदस्यों ने इस विधेयक की बड़ी सराहना की है, भूरि-भूरि प्रशंसा की है। उन्होंने अपने कई बहुमूल्य सुझाव भी हमें दिये हैं। उन्होंने विश्लेषण करके हमें सावधान भी किया है कि इसमें क्या-क्या सावधानियां बरती जानी चाहिए। यह जानी हुई बात है कि अपने देश में गरीबी और बेकारी पहले से ही है। हमारे देश में शुरू से ही अकाल, सुखाड़, बाढ़ आदि प्राकृतिक आपदायें आती रहती हैं। हमारा इतिहास है कि जब कभी सूखा पड़ा तो राजा जनक को भी हल चलाना पड़ा। इसी तरह बाढ़, सुखाड, भूकम्प, साइक्लोन और सुनामी जैसी प्राकृतिक आपदाओं से हमारा देश बराबर प्रभावित होता रहा है, उनका कुप्रभाव हमारे देश पर पड़ता रहा है।

अध्यक्ष महोदय, पुराने जमाने में शासन में जो लोग रहे हैं, अपने देश की संस्कृति है कि " जासु राज प्रिय प्रजा दुखारी, ते नृप होई नरक अधिकारी।" जिसके राज्य में प्रजा दुखी हो, वह राज्य नरक होता है यानी सबसे खराब होता है। यह ऊंची संस्कृति है। â€¦ (व्यवधान) मैं कहां की बात कर रहा हूं। आप ऊंचा दर्शन समझने का प्रयत्न कीजिए। इसलिए जब पुराने जमाने में अकाल, सुखाड़, बाढ़ आदि प्राकृतिक आपदा आयी, तो उस हालत में अनाज देकर तला उगाही की व्यवस्था शुरू की गयी। जब कोई फसल नहीं होती, भूमिहीन लोगों, गरीब लोगों के पास जीने का कोई जरिया नहीं रहता तब अपने देश में अनाज देकर तला उगाही का काम होता था। हमारे देश में पुराने जमाने के लाखों-लाख तला हैं। मैं करीब 30-40 बरसों से देखता रहा हूं कि रिलीफ के नाम पर, गरीबों को रोजगार देने के लिए हार्ड मैनुअल लैबर स्कीम चलाई गयी क्योंकि दूसरा कोई जरिया नहीं रहा।

अध्यक्ष महोदय, माननीय कल्याण सिंह जी यहां नहीं हैं। हमने कल्याण सिंह जी को धन्यवाद दिया था क्योंकि वे स्टैंडिंग कमेटी के चेयरमैन हैं। उन्होंने बड़ा विश्लेषण करके हमें एक सर्वसम्मत रिपोर्ट दी। हमसे बहुत लोगों ने कहा कि उन्होंने स्टैंडिंग कमेटी का अनादर किया है। कभी भी स्टैंडिंग कमेटी का अनादर नहीं किया जा सकता क्योंकि सदन की जो गरिमा-महिमा है, उसकी समितियों की भी वही गरिमा-महिमा है। यही संसदीय प्रणाली से हमने सीखा है। स्टैंडिंग कमेटी की कुल 22 अनुशंसाएं थीं, जिनमें से हमने 16 अनुशंसाओं को मान्य किया है। नौ अनुशंसाओं को हमने सम्पूर्ण मान्य किया है और सात अनुशंसाओं को हमने आंशिक रूप से मान्य किया है। बाकी छः अनुशंसाओं को मानने में हमें कठिनाई है। हमने उस कमेटी का आदर किया है। उस कमेटी के माननीय सदस्य श्री हन्नान मोल्लाह और श्री किशोर चन्द्र एस देव ने काफी रूचि लेकर इसका विश्लेषण किया और चाहा कि यह रिपोर्ट जल्द से जल्द जमा हो जाये, लेकिन बीच में एक बाधा उत्पन्न हो गयी। अध्यक्ष जी, आप साक्ष्य हैं। आपने भी लिखा-पढ़ी की थी। उस समय विपक्ष ने सदन और समितियों की बैठकों का बहिष्कार कर दिया, नहीं तो यह विधेयक पिछले सत्र में ही पारित हो जाता। लेकिन उसके चलते कुछ विलंब हुआ। मैं उसका उद्धरण नहीं देना चाहता। समिति के सदस्यों ने इस पर बड़ी मेहनत की है। उन्होंने जो ठोस सुझाव दिये हैं, उनको हमने मान्य किया है।

श्री कल्याण सिंह ने अपने भाषण में कहा कि पुराने जमाने की जवाहर रोजगार योजना, सुनिश्चित रोजगार योजना आदि योजनाएं विफल हो गयीं--यह गलत है। कभी भी ये योजनाएं विफल नहीं हुईं। हां, इन योजनाओं में कम खर्च हुआ लेकिन 1980 से लेकर वर्ष 2004 तक 79 हजार करोड़ रुपये वेज इम्प्लायमैंट में खर्च हुए, जवाहर रोजगार योजना पर 30 हजार करोड़ रुपये खर्च हुए और इस तरह कुल 79 हजार करोड़ रुपये खर्च हुए। नैशनल रूरल इम्प्लायमैंट प्रोग्राम, रूरल लैंडलैस इम्प्लायमैंट प्रोग्राम यानी एनआरपी, आरएलईजीपी, जवाहर रोजगार योजना, जवाहर ग्रामीण समृद्धि योजना, इम्प्लायमैंट, इंश्योरेंस स्कीम, सुनिश्चित रोजगार योजना आदि वेज इम्प्लायमैंट योजनाएं अपने देश में लागू रही हैं। उसमें खर्च हुआ लेकिन पिछले 24-25 वर्षों में करीब 1800 करोड़ मानव दिवस सृजित हुए। अगर ये नहीं होते तो गरीबों को कहां से काम मिलता, रोजगार मिलता? देश में भुखमरी हो सकती थी। इसीलिए यह सब काम हुआ। वर्षवार हमने आंकड़े इसीलिए जुटाए हैं, भले ही हमें तकलीफ हुई। स्टैंडिंग कमेटी के चेयरमैन, श्री कल्याण सिंह जी ने कह दिया कि तैयारी के साथ विधेयक नहीं आया। मैं उनके इस चार्ज को खारिज करता हूं। पूरी तैयारी के साथ यह विधेयक आया है, क्योंकि हमारे कॉमन मिनिमम प्रोग्राम में यह हमारा कमिटमेंट था। इसीलिए हमारे विभाग में यह विधेयक तैयार करने के लिए सितम्बर, 2004 में आया और 21 दिसम्बर को हमने यहां बिल इंट्रोड्यूस किया। एक से एक विद्वान एनजीओज, नेशनल एड्वाइजरी काउंसिल, जिसकी अध्यक्षता श्रीमती सोनिया गांधी कर रही हैं, सभी से गहन विचार-विमर्श करके यह बिल लाया गया है। इसीलिए इस विधेयक की मूल भावना से किसी को एतराज नहीं है। इसमें गति को और बढ़ाया जाए, और तेज किया जाए, और जल्दी किया जाए, यही सब माननीय सदस्यों का सुझाव आया है जिसका अभी मैं विश्लेषण करके बताऊंगा।

नेशनल रूरल एम्पलॉयमेंट प्रोग्राम में 325 करोड़ मानव दिवस कार्य सृजित हुआ। रूरल लैंडलेस एम्पलॉयमेंट गारंटी प्रोग्राम में 115 करोड़ दिवस, जवाहर रोजगार योजना में 737 करोड़ दिवस, एम्पलॉयमेंट एश्योरेंस स्कीम में 264 करोड़ दिवस, जवाहर ग्राम समृद्धि योजना में 5 करोड़ 86 लाख दिवस, सम्पूर्ण ग्रामीण रोजगार योजना में 294 करोड़ मानव दिवस कार्य सृजित हुआ। नेशनल फूड फॉर वर्क योजना जो हाल ही में लागू हुई, इसमें 13 करोड़ 86 लाख दिवस कार्य सृजित हुआ। इन सभी योजनाओं में काम भी हुआ है। काम नहीं हुआ है, ऐसा नहीं कहा जा सकता। इस योजना में एक पंथ दो काज हुआ है। एक काम और दो लाभ यानी पहला लाभ यह कि लोगों को रोजगार मिलेगा, रोजी मिलेगी और वह भुखमरी से बचेगा, फूड सिक्योरिटी का इसमें लक्ष्य है और दूसरे, इससे परमानेंट एसैट का सृजन होगा, इंफ्रास्ट्रक्चरल फैसिलिटी सृजित होगी।

**श्री लाल मुनी चौबे (बक्सर) :** अध्यक्ष जी, माननीय मंत्री जी ने कहा है कि इसमें कुछ काम हुआ है, जरा वह बता दें कि कितना काम हुआ है, कितना नहीं हुआ है।â€¦ (व्यवधान)

**अध्यक्ष महोदय :** लाल मुनी चौबे जी, उन्होंने यील्ड नहीं किया है।

â€¦ (व्यवधान)

MR. SPEAKER: It is a very serious matter.

...(*Interruptions*)

**डा. रघुवंश प्रसाद सिंह :** कृपा करके सुनने का काम करें। आप उसमें काम पूछ रहे हैं। मानव दिवस तो हमने मुंहजबानी बता दिया है 1800 करोड़ दिवस।â€¦ (व्यवधान)

MR. SPEAKER: Do not record it. Nothing will be recorded.

*(Interruptions)* â€¦*

**अध्यक्ष महोदय :** यह ठीक बात नहीं है।

**डा. रघुवंश प्रसाद सिंह :** करीब पांच लाख विद्यालय भवनों का निर्माण हुआ।â€¦ (व्यवधान) आप काम पूछ रहे हैं,â€¦ (व्यवधान)

MR. SPEAKER: Shri Lal Muni Choubey, you are a senior Member.

...(*Interruptions*)

MR. SPEAKER: Do not record anything except the statement of hon. Minister or what is permitted by me.

*(Interruptions)* â€¦*

**डा. रघुवंश प्रसाद सिंह :** कुल 16 लाख कि.मी. लम्बाई की सड़कों में मिट्टीकरण, ईंटकरण, कहीं मिट्टी, कहीं ईंट, कहीं पत्थरीकरण का काम हुआ है। करीब ढ़ाई लाख तालाबों का निर्माण हुआ। एससी,एसटी के लिए दस लाख कुंओं का निर्माण हुआ।â€¦ (व्यवधान) डेढ़ लाख पंचायतघरों का निर्माण हुआ। इसमें आपके राज्य का काम भी शामिल है।â€¦ (व्यवधान) इसमें आपका भी साढ़े पांच वर्ष का राज रहा है, उसका आंकड़ा भी इसमें शामिल है। क्यों छटपट कर रहे हैं ? मैं सारी बातें ठीक बता रहा हूं। â€¦ (व्यवधान)

MR. SPEAKER: What are you doing here? This is not your seat. This is not the way to behave in the House.

...(*Interruptions*)

---

* Not Recorded.

**डा. रघुवंश प्रसाद सिंह :** डेढ़ लाख पंचायतघरों का निर्माण हुआ है। सामाजिक वानिकी में 16 हेक्टेअर, और 5,000 करोड़ पौधे, ये सब आंकड़े हमने यह साबित करने के लिए जुटाए हैं कि ये योजनाएं विफल नहीं हुई हैं। इनका नाम बदल दिया गया, इनमें जोड़-घटाव होता गया। कोई जवाहर के नाम से थी तो पंडित जवाहर लाल नेहरू के नाम से उनका नाम बदल दिया गया, कहीं जवाहर ग्राम समृद्धि है तो उसे बदलकर सम्पूर्ण ग्रामीण समृद्धि कर दिया गया है। यह सब फर्क पड़ा है लेकिन वेज एम्पलॉयमेंट का कार्यक्रम चलता रहा है और हमने जो शुरू में कहा था कि 'जासु राज प्रिय प्रजा दुखारी', उस हिसाब से रिलीफ का काम चलता है।

मशहूर इकोनोमिस्ट केन, जो ब्रिटेन के अर्थशास्त्री हैं, उन्होंने कहा है कि मुफ्त में कोई चीज बांटने से देश का पुरूषार्थ कमजोर होता है, लेकिन गरीब आदमियों को हम भूखों मरने नहीं दे सकते, इसलिए कोई न कोई काम कराकर ही, उनको रोजी देकर, मजदूरी देकर, उनकी फूड सिक्योरिटी सुनिश्चित करना जरूरी है। उनको मुफ्त में कोई चीज नहीं देनी चाहिए, इसी सिद्धान्त के आधार पर कई वेज एम्प्लायमेंट प्रोग्राम अपने देश में वर्षों से चल रहे हैं। नेशनल एम्प्लायमेंट गारन्टी कानून, जिसकी सभी लोगों ने प्रशंसा की है, उसकी अहमियत को इसी से समझा जा सकता है कि इतनी बड़ी संख्या में माननीय सदस्यों ने उत्साहपूर्वक इसमें रूचि ली है। सभी नेताओं ने और यूपीए की चेयरपर्सन, श्रीमती सोनिया गांधी जी ने इसे बनाने में, पास कराने में भागीदारी की है और समर्थन दिया है। उधर से श्री कल्याण सिंह जी और श्री मल्होत्रा जी ने तो इसमें अमेंडमेंट भी प्रस्तावित किया है लेकिन अभी तक उनका वक्तव्य नहीं हुआ है। श्री खारबेला स्वांई और श्री संतोष गंगवार ने भी अमेंडमेंट के प्रस्ताव किए हैं। उधर से ही श्री सुभाष महरिया, श्री अन्नासाहेब पाटिल, श्री धमेन्द्र प्रधान आदि सदस्यों ने इसमें रूचि ली है और उनके वक्तव्य हुए हैं।

महोदय, वामपंथी दलों के सभी नेताओं ने, पोलित ब्युरो से लेकर संसद के अंदर तक, सभी माननीय नेताओं ने, कामरेड और दोस्तों ने इसमें रूचि ली है। माननीय नेता श्री वसुदेव आचार्य, श्री रूपचन्द पाल, श्री हन्नान मोल्लाह, श्री सुधाकर रेड्डी सहित सभी लोगों ने इसमें बड़ी रूचि दिखाते हुए उत्साहपूर्वक इसे समर्थन दिया है।

समाजवादी पार्टी के श्री मोहन सिंह जी कभी-कभी मान लेते हैं कि अलग पार्टी के हैं, लेकिन हम कभी समाजवादी पार्टी को अपने से अलग पार्टी नहीं मानते हैं। हम एक ही हाड-मांस के टुकड़े हैं, कभी एक हो जाते हैं और कभी अलग हो जाते हैं। माननीय श्री राम गोपाल यादव जी ने बड़ी रूचि से उत्साहपूर्वक सुझाव और समर्थन दिया है। श्री मोहन सिंह ने लिटमस पेपर की बात हमें याद दिलायी कि महात्मा गांधी जी ने पं. जवाहर लाल नेहरू से कहा था कि आप जब भी किसी पत्रावली पर दस्तखत

कीजिए तो पहले यह देख लीजिए कि उसमें सबसे गरीब आदमी के लिए कुछ है या नहीं। उस लिटमस पेपर पर यह विधेयक खरा उतरता है और इसीलिए उन्होंने यह सुझाव भी दिया है इसे अच्छी तरह लागू किया जाना चाहिए।

महोदय, आज हमारे देश की क्या स्थिति है? महान कवि गोपाल सिंह नेपाली ने हमारे देश में गैर-बराबरी की स्थिति को इन शब्दों में व्यक्त किया है :

"चन्द्र किरण से महलों की दीवार चमकती रहती हैं,

चांदनी झोप्ड़ी से लिपटकर हर रात सि्सकती रहती है,

हर रात सि्सकती रहती है।"

महोद्य, एक तरफ तो झोप्ड़ी है और दू्सरी तरफ महल है। वह आगे लिखते हैं :

"लाख-लाख झोपड़ि्यों में छाई हुई उदा्सी है,

सत्ता सम्पत्ति के बंगले में हंसती पूरनमा्सी है,

यह सब अ्ब न चलने देंगे, हमने क्समें खाई हैं,

तिलक लगाने तुम्हें ज्वानी, क्रान्ति द्वार पर आई है।"

महोद्य, यही नहीं, यह बिल रा्ट्रक्वि दिनकर के श्ब्दों को चरितार्थ करता है :

"शांति नहीं त्ब तक ज्ब तक सुखभाग न नर का सम हो।

नहीं कि्सी को बहुत अधिक हो, नहीं कि्सी को कम हो।।"

महोद्य, ज्ब इस तरह का सिद्धान्त होगा, त्भी गांवों में ब्सने वाले गरी्ब आम आदमी, झोप्ड़ी वाले, बिना घर वाले जो 1.5 करो्ड़ परि्वार हमारे देश में रहते हैं, वे ऐ्से परि्वार है जो रोटी, कप्ड़ा ओर मकान के अ्भाव में रहते हैं। इ्सीलिए यह कानून आ्या है। इ्समें हमने यह दा्वा नहीं कि्या है कि इ्स्से गरी्बी समूल न्ट हो जाएगी, बेरोजगारी समाप्त हो जाएगी और स्वर्ग उतर आएगा, लेकिन हम यह दा्वा करते हैं कि गरी्बी उन्मूलन की तरफ और बेकारी उन्मूलन की तरफ यह बिल स्ब्से ठो्स ही नहीं, स्ब्से भारी और साह्सिक कदम है।

अ्ब स्वाल उठता है, जै्से लोग कहते हैं कि आपने इ्स बिल में 100 दिन काम देने की बात ही क्यों कही है। कई माननी्य सद्स्यों ने यह बात यहां कही। यहां पर नीती्श जी, सु्बोध मोहिते जी नहीं हैं, कल्याण सिंह जी और सुरे्श प्र्भु जी हैं। इन स्ब लोगों ने तथा दोनों तरफ के माननी्य सद्स्यों ने इ्स बात का उल्लेख कि्या।

**श्री रामदा्स आठ्वले (पंढरपुर)** : आरपीआई ने इसका समर्थन कि्या है।

**डा. रघुवं्श प्र्साद सिंह** : यह ठीक बात है कि आठ्वले जी ने इसका समर्थन कि्या है। जो ने्शनल एम्प्ला्यमेंट गारंटी कानून है, यह साल में 100 दिन काम देने की गारंटी वाला कानून है। कल्याण सिंह जी हि्सा्ब लगाकर बता रहे थे कि साल में छः हजार रुपए एक परि्वार को मिलेंगे। आपको ज्ब मौका मिला था, आपने छः पै्से का भी इंतजाम नहीं कि्या, हमने तो छः हजार रुपए का कि्या है। लेकिन मेरे कहने का यह मतल्ब नहीं है कि सिर्फ इ्सी से उनकी जिंदगी चलेगी। 100 दिन काम की गारंटी तो है ही, उ्स्से भी अधिक उन्हें काम केन्द्र सरकार की वि्भिन्न योजनाओं में मिल सकता है। इस तरह की कई योजनाएं चल रही हैं। प्रधान मंत्री ग्रामीण स्ड़क योजना में हम इ्स साल 4200 करो्ड़ रुपए खर्च करेंगे। आप तो क्भी 2200 करो्ड़ रुपए और क्भी 2500 करो्ड़ रुपए पर ही अटके हुए थे, ज्बकि हमने इ्स साल के बजट में 4200 करो्ड़ रुपए का प्रा्वधान कि्या है।â€¦ (व्यवधान)

SHRI ANNASAHEB M.K. PATIL (ERANDOL): The figure is not correct. He should correct the figure. It was not Rs. 2,200 crore; it was not less than Rs. 6,000 crore. Please ask him to correct the figure.

**डा. रघुवं्श प्र्साद सिंह :** प्रधान मंत्री ग्रामीण स्ड़क योजना सन् 2000 में शुरू हुई थी। त्ब आपने यह कहा था कि 2500 करो्ड़ रुपए देंगे, 2300 करो्ड़ रुपए देंगे। लेकिन ज्ब हम लोगों का राज आ्या तो हमने 3500 करो्ड़ रुपए, 4000 करो्ड़ रुपए देने की बात कही।â€¦ (व्यवधान)

MR. SPEAKER: Let him speak.

...(*Interruptions*)

MR. SPEAKER: It will not be recorded.

*(Interruptions)* * â€¦

MR. SPEAKER: You have made your point.

...(*Interruptions*)

MR. SPEAKER: Kindly listen to the Minister's reply. After the hon. Minister's reply, if you have any clarifications, I will allow a few to raise them.

**डा. रघुवं्श प्र्साद सिंह :** आप क्या कहना चाहते हैं, एक-एक करके कहें। हमने 2005-2006 के बजट में 4200 करो्ड़ रुपए का प्रा्वधान कि्या है। भारत निर्माण की जो महत्वाकांक्षी योजना है, उ्समें भी और बढ़ोत्तरी होगी। चार व्ऱ्षों में 48,000 करो्ड़ रुपए खर्च होंगे। उ्समें हमारे बजट उप्बंध से 20,000 करो्ड़ रुपए दिए हैं, बाकी पै्से का प्र्बंध इ्स गैप को भरने के लिए हो रहा है। इ्सीलिए मैंने कहा कि कहां 2200

करो्ड़ रुपए, 2300 करो्ड़ रुपए और 2500 करो्ड़ रुपए, और कहां 4200 करो्ड़ रुपए। इसलिए लोग

---

* Not Recorded.

इसमें काम करेंगे।

प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत भी लोगों को काम मिलेगा। इसी तरह से इरीगेशन की जो योजना है, जो एक करोड़ हैक्टेयर जमीन में भारत निर्माण की, पोटेंशियलिटी सृजन करने की योजना है, उसमें भी लोगों को काम मिलेगा।â€¦ (व्यवधान)

MR. SPEAKER: What are you trying to do? You are disturbing your own Minister.

**डा. रघुवंश प्रसाद सिंह :** हिन्दुस्तान की आर्थिक नीति की रीढ़ कृाि रही है, खेतीबाड़ी रही है। इसलिए कृाि में भी मजदूरों की ज़रूरत होती है, अतः वे साल में कृाि क्षेत्र में भी काम करेंगे। इसके अलावा राज्य सरकार की योजनाओं में भी काम करेंगे। केन्द्र सरकार की अन्य योजनाएं हैं, उनमें भी काम करेंगे। यह हमने एडीशनल 100 दिन काम की गारंटी की बात कही है। आप कहते हैं कि 365 दिन में 100 दिन काम करेंगे और बाकी के 265 दिन बैठे रहेंगे - ऐसी बात नहीं है कि बैठे रहेंगे। कृाि में काम करेंगे, अनाज उत्पादन में काम करेंगे। राज्य सरकार और केन्द्र सरकार की अन्य योजनाओं में भी उन्हें काम मिलेगा, रोजगार मिलेगा। इसलिए 100 दिन के काम की गारंटी के अतिरिक्त भी उन्हें काम मिलता रहेगा, काम होता रहेगा।

हमने इस बिल में कॉमन मिनिमम प्रोग्राम के तहत पुअर हाउसहोल्ड की बात कही थी। लेकिन लोगों ने कहा कि यह बीपीएल, एपीएल सबके लिए होनी चाहिए। पुअर और गैरपुअर को कैसे परिभाित करेंगे इसलिए हाउसहोल्ड के नाम पर झंझट पैदा हुआ, तो हमने एवरी हाउसहोल्ड कर दिया। इसीलिए इस सदन के साथ-साथ पूरे देश में जनता द्वारा इस बिल को व्यापक समर्थन मिल रहा है।

हमारे हिंदुस्तान के सपूत प्रो. अमर्त्यसेन, जिनका विश्व में बहुत नाम है और जो विश्व में जाने-माने अर्थशास्त्री हैं, नोबल पुरस्कार विजेता हैं, उन्होंने कहा है कि यह एम्प्लाएमेंट गारंटी स्कीम हिदुस्तान के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण योजना सिद्ध होने जा रही है।

हमारे कुछ साथियों ने कहा कि यह योजना केवल सौ दिन के लिए ही क्यों लागू हो रही है, 365 दिनों के लिए लागू क्यों नहीं हो रही है। हम हिंदुस्तान की कृाि को बर्बाद होने नहीं देना चाहते हैं। कृाि में भी मजदूर चाहिए। जब 100 दिन के बाद उन्हें काम नहीं होगा, तो उस समय किसान और मजदूर कृाि तथा अन्य योजनाओं में काम करेंगे, राज्य सरकार और केन्द्र सरकार की योजनाओं में काम करेंगे। इसीलिए हमने केवल 100 दिन काम देने की गारंटी की है जिससे बाकी बचे समय में वे और योजनाओं में काम कर सकें।

कुछ माननीय सदस्यों ने कहा कि परिवार में से केवल एक ही आदमी काम करेगा - ऐसा नहीं है, एक से दो, दो से तीन और तीन से चार आदमी, सब काम करेंगे लेकिन 100 दिन के काम की गारंटी परिवार को होगी। अगर एक परिवार में से दो आदमी काम करेंगे तो पचास-पचास दिन काम मिलेगा और अगर तीन आदमी एक परिवार के काम करेंगे तो 33-33 दिन के हिसाब से तीन आदमी काम करेंगे और उनके कार्ड बना दिये जाएंगे।

मान लीजिए कि हमने कोई 10 लाख रुप्ये की एक स्कीम बनाई या 5 लाख रुप्ये की स्कीम बनाई, उसमें अगर 100 दिन से ज़्यादा काम होगा तो उन्हें दिया जाएगा। अगर एक परिवार के लोग करेंगे तो उनमें बंट्वारा हो जाएगा।

जहां तक महिलाओं के काम करने का सवाल है, फूड फॉर वर्क में 34 प्रतिशत के करीब महिलाएं लाभान्वित हुई हैं। हमने तीन-चौथाई महिलाओं को उसमें रखा है और इस स्कीम में भी महिलाओं को प्रीओरिटी दी जाएगी।

कुछ सदस्य कहते हैं कि परिवार में काम पाने के लिए झगड़ा हो जाएगा लेकिन हम कहना चाहते हैं कि कोई झगड़ा नहीं होगा। हम गांव से आते हैं, हमें अनुभव है - "तू कहता कागज की लेखी, मैं कहता आंखन की देखी" - गांव में परिवार की क्या व्यवस्था है, उसे हम लोग ज़्यादा जानते हैं, आप लोगों को गांव से क्या मतलब। इसलिए देश भर में लोग कहते हैं कि यह स्कीम बढ़िया है, इसे एक बार में लागू कीजिए। उनकी इस मांग को भी हम अच्छा मानते हैं, लेकिन एक बार में इसे कैसे लागू किया जाए। कुछ लोग कहते हैं कि अनप्रोडक्टिव खर्चा हो रहा है, लेकिन हम सब लोगों की वंदना करते हैं "वंदौ संत असंतम चरणा।" जो इसके खिलाफ हैं उनकी भी हम वंदना करते हैं और जो इसके साथ हैं उनकी भी वंदना करते हैं क्योंकि हमें गरीब आदमी का विधेयक पास करवाना है, निकालना है और इसे पास करवाकर गरीब आदमी का भला करना है। हमारे माननीय प्रधान मंत्री जी ने जो वक्तव्य दिया है कि सन् 2020 तक हिंदुस्तान को हम ऐसे स्थिति में ले जाना चाहते हैं जहां एक भी आदमी गरीबी की रेखा के नीचे नहीं होगा।â€¦ (व्यवधान) हम 15 वाीं का ऐसा ठोस कार्यक्रम बनाएंगे जिससे हिंदुस्तान गरीबी और बेरोजगारी से मुक्त हो सकेगा।

## 15.00 hrs.

कल्याण सिंह जी कह रहे थे कि चार वा में क्यों नहीं? आपने इसे पांच वा कर दिया है। हमने लिखा है कि पांच वाीं के अंदर, मतलब चार वा में भी, तीन वा में भी, दो वा में भी, एक वा में भी, यानी पांच वाीं के अंदर हम इसे करेंगे। पहले 150 जिलों के लिए फूड फॉर वर्क प्रोग्राम था। यदि हम चाहते तो केवल 150 जिलों को रखते। यह सरकार की दृटि, सरकार की इच्छाशक्ति, सरकार का इरादा, ग्रामोन्मुखी, समतामुखी और गरीबोन्मुखी इरादों को देखकर आप समझ सकते हैं कि 150 जिले नहीं, हमने कहा पचास जिले और इसमें लिए जाएं। हम इसे दो सौ जिलों से शुरू करेंगे, हिन्दुस्तान के कुल जिलों के एक तिहाई से शुरू करेंगे और यह पांच वाीं के अंदर होगा। इनको लगता है कि चार वा के बाद 15वी लोकसभा होगी, तो मैं कहना चाहता हूं कि 15 वीं लोकसभा में जो हम लोगों ने गरीबोन्मुखी, ग्रामोन्मुखी कदम उठाया है, यह जो बहुमत है, इससे ज़्यादा बहुमत से यूपीए गवर्नमेंट 15वीं लोकसभा में भी आएगी। क्यों आएगी, क्योंकि हमें गरीबी हटाना है, बेरोजगारी हटाना है। हमने इसके लिए पांच वा रखे हैं।â€¦ (व्यवधान)

**अध्यक्ष महोदय :** आप बैठ जाइए।

...(व्यवधान)

**अध्यक्ष महोदय :** ठीक है, आप बोलते रहिए।

**डा. रघुवंश प्रसाद सिंह :** महोदय, इसलिए कोई चिंता की बात नहीं है। आज हम इसे शुरू कर रहे हैं। यह पांच वा के अंदर हो सकता है, चार वा में भी हो सकता है। एक वा में लोगों ने कहा कि सावधानी बरतिए कहीं गड़बड़ी न हो जाए। हमने पिछले अनुभवों से भी सीखा है। लोग महाराट्र में गारंटी कानून की चर्चा करते हैं। मैं कहता हूं कि महाराट्र में गारंटी कानून में पंचायत कहां हैं? यहां पर महाराट्र से बहुत सारे लोग बैठे हुए हैं। महाराट्र में यह कितने वाीं से यह लागू है और लोग कहते हैं कि आप सीखिए। हमने सीखा है कि पंचायती राज वहां है ही नहीं, जबकि महाराट्र में पंचायती राज सशक्त है, अन्य राज्यों से कम नहीं है। महोदय, हम लोगों ने पंचायती राज को संपूर्ण अधिकार दिए हैं, उनके चयन में पीपुल्स पार्टिशिपेशन किया है। असल में श्री कल्याण सिंह जी जैसे ग्राम सभा का अधिकार, सोशियोलॉजी का

पूर्ण अधिकार, सारी निगरानी करने का, उसको पारित करने का अधिकार उस दिन अमेंडमेंट देख नहीं सके,। प्रोग्रामिंग अफसर को असिस्ट करने के लिए रखा है, सहायता देने के लिए, चूंकि पंचायत में क्या है? ग्राम पंचायत में एक सचिव, एक ग्राम सेवक होते हैं, वे कितना करेंगे? लोग पंचायत-पंचायत कर रहे हैं। महोदय, इसलिए आज पंचायत को सक्षम बनाने की भी जरूरत है, इसलिए हमने पंचायत को प्रिंसिपल रोल दिया है, जो आप की अनुशंसा भी थी, आप के शब्द में फर्क है। आप की अनुशंसा सेंट्रल रोल की थी, जबकि हमने प्रिंसिपल रोल कहा है। इस सेंट्रल और प्रिंसिपल रोल में क्या फर्क है? यह आप समझ सकते हैं, जान सकते हैं, इसलिए पूर्ण पंचायती राज का उसमें प्रावधान किया है।

कुछ माननीय सदस्य कहते हैं कि आपने दो सौ जिलों में किया, सभी जिलों में नहीं लागू किया। हम आप की इच्छा और उत्साह का समर्थन करते हैं। दो सौ जिलों में यह ठीक-ठीक चले और चार वर्षों से कम में ही यह हो जाए। इसका अनुभव कैसा आता है, इसीलिए थाह-थाह करके ठोस कदम उठाया जा रहा है। कुछ माननीय सदस्य कह रहे हैं कि आप इसे शहरों में भी करिए। मैं कहना चाहता हूं कि हमारी रूरल डेवलेपमेंट मिनिस्ट्री है, यहां शहर वाले लोग भी बैठे हुए हैं। हम पीछे नहीं हटेंगे, शहरी लोगों के लिए भी हमारा कमिटमेंट है। रूरल एम्प्लायमेंट कानून को भी हम लागू करेंगे। गांवों में काम नहीं मिलता है तो लोग भागकर शहरों में आते हैं, हम गांवों से पलायन ही नहीं होने देंगे। शहरों में बेरोजगारी नहीं होगी। इसीलिए इसको लागू होने दिया जाए, फिर इसके बाद शहरों में देखेंगे कि बेरोजगारी की स्थिति देखेंगे और शहरी लोगों के लिए भी स्कीम लाएंगे। हम कोई भेदभाव करने वाले नहीं हैं। गावं का गरीब और शहर का गरीब हमारे लिए बराबर है, हम दोनों का ख्याल करेंगे। लोग कहते हैं कि अनस्किल्ड को काम देंगे तो स्किल्ड कहां जाएगा? महोदय, जो अनस्किल्ड हे, अकुशल है हम उसे काम देंगे, कुशल लोगों को तो काम करने के लिए लोग खोजते हैं, स्किल्ड आदमी मिलता नहीं है, इसलिए अनस्किल्ड बेरोजगार भटकता है। स्किल्ड की अभी भी पूछ है, आप स्किल्ड और अनस्किल्ड की चिन्ता मत कीजिए, दोनों को रोजगार मिलेगा।

एक माननीय सदस्य कह रहे थे कि पढ़े-लिखे लोगों का क्या होगा? आप तो केवल अनपढ़ का ख्याल कर रहे हैं। मैं कहना चाहता हूँ कि पढ़े-लिखे लोगों के लिए सैकड़ों काम होते हैं, उनके लिए बढ़िया क्वालिटी वाले प्रशिक्षण का इंतजाम हमने किया है और डिमाण्ड के मुताबिक जिस एरिया में जिन चीजों की जरूरत है, उनको हम उसी तरह का प्रशिक्षण देते हैं। उत्पादक स्वरोजगार योजना का प्रबन्ध किया गया है। 20 लाख सेल्फ हेल्प ग्रुप बने हैं, सेल्फ हेल्प ग्रुप में महिलाएं अनुसूचित जाति, जनजाति, पिछड़े लोग, गरीब आदमी, गांवों में बसने वाले बेरोजगार, सभी लोग आगे आएं। बैंक वालों का भी उसमें सहयोग मिला है। बेरोजगारी को केवल एक कानून से खत्म नहीं किया जा सकता है। बेरोजगारी खत्म करने के लिए हमारे पास दर्जनों योजनाएं हैं और हम सब तरह से इसमें लगेंगे, लेकिन इसमें सहयोग चाहिए। बेरोजगारी भत्ता देने की बात सदन में कही गयी है। उसके बारे में हम कहना चाहते हैं कि यदि एक साल तक उनको काम नहीं मिला तो उनको कितना बेकारी भत्ता मिलेगा, उसका हिसाब हमने कैलकुलेट किया है कि जितना उनका 100 दिन मजदूरी करने से मिलती है,उतनी राशि साल भर काम नहीं मिलने पर बेकारी भत्ता के रूप में, मतलब काम नहीं दिया, तो उसको जुर्माना हम देंगे। उनको बैठाकर उतनी राशि हम अनएम्प्लायमेंट एलाउंस के रूप में देंगे। बीच में यदि उन्हें काम मिल गया, तो एक महीने काम नहीं मिला, 15 दिन के बाद तो जो राशि का प्रबन्ध हुआ है, वह बेरोजगारी भत्ता के रूप में उन्हें दी जाएगी। एक माननीय सदस्य ने कहा कि आपने इसका एक हिस्सा राज्य सरकार पर डाल दिया है, मैं कहना चाहूंगा कि राज्य सरकार के बिना कैसे यह काम होगा? राज्य सरकार, केन्द्र सरकार, पंचायती राज, हम, आप, सदन - सभी के सहयोग से यह सब काम होना है। यदि राज्य सरकार यह कहे कि यह हमारी योजना नहीं है, केन्द्र की योजना है, तो मैं यह बताना चाहता हूँ कि जो 40 फीसदी उनका मैटेरियल कंपोनेंट है, उसका 25 प्रतिशत, अर्थात सम्पूर्ण योजना का केवल 10 प्रतिशत हिस्सा राज्य सरकार का होगा और राज्य सरकार की भागीदारी से उनको भी इस योजना में अपनापन लगेगा। इसलिए राज्य सरकार की भागीदारी की व्यवस्था हमने इसमें की है।

कुछ माननीय सदस्यों ने कहा कि हमने राज्य सरकारों से विचार नहीं किया है। मैं उनको बताना चाहूँगी की सचिव स्तर की दो बैठकें हुई थीं। सभी राज्य सरकारों के पास बिल की कॉपी भेजी गयी है, उनके कमेन्ट्स और सुझाव भी आएं हैं, इसलिए मैं कहूंगा कि राज्यय सरकारों को विश्वास में लिया गया है लेकिन इसमें मत-विमत हो सकता है1 किसी राज्य सरकार ने कहा कि हमे भार मत दीजिए, जैसे एसजीआरवाई योजना है, हम तो इसमें उनको 10 प्रतिशत की जिम्मेदारी दे रहे हैं, एसजीआरवाई में 25 प्रतिशत राज्य सरकारों का हिस्सा है और हम 75 देते हैं। इन्दिरा आवास योजना में 75 प्रतिशत हम देते हैं, 25 प्रतिशत राज्य सरकारों का हिस्सा है। इसमें तो केवल 10 प्रतिशत दिया गया है, तो राज्य सरकारों को इसे उत्साहपूर्वक स्वीकृत करना चाहिए और अपनी भागीदारी करनी चाहिए। यदि हम कहें कि के वल केन्द्र सरकार बेकारी को दूर कर सकती है तो यह राज्य सरकारों के सहयोग के बिना संभव नहीं है। राज्य सरकारों के सहयोग के बिना हम इस योजना को सफल नहीं मानते हैं। राज्य सरकारों को सहयोग, पंचायती राज संस्थाओं का सहयोग, आप सभी माननीय सदस्यों का सहयोग, देश भर के चुने हुए बुद्धिजीवी, NGOs, समाजसेवी - सभी लोगों का इसमें सहयोग चाहिए।

माननीय श्रीमती सोनिया जी ने बीस तारीख को अपने कार्यकर्ताओं से कहा है, निर्देश दिया है, आह्वान किया है कि सभी कार्यकर्ता ग्रामीण विकास की केंद्र सरकार की योजनाओं में लग जाओ। गांव में फैल जाएं और इस बारे में जानकारी प्राप्त करें। â€¦ (व्यवधान) सभी पार्टी के माननीय नेताओं से मैं आग्रह करता हूं कि ग्रामीण ि वकास की योजना अथवा केंद्र सरकार की जो योजनाएं हैं उन सभी के अच्छे कार्यान्वयन, निगरानी और पार्टीसिपेशन के लिए और उसे गरीबों तक ठीक ढंग से पहुंचाने के लिए अपने कार्यकर्ताओं को उत्प्रेरित करें। हम प्रार्थना करते हैं, सभी माननीय राजनीतितक दलों के सभी माननीय नेताओं से कि अपने कार्यकर्ताओं को उत्प्रेरित करें, उनको कार्य करने में, उनको जानकारी देने में, उनको प्रशिक्षित करने में। हमने पंचायती राज के प्रतिनिधियों को कहा है कि सभी को प्रशिक्षण दिया जाए, 20 लाख चुने हुए प्रतिनिधियों को प्रशिक्षण दिया जाए। एक-एक स्कीम पर 9-9 व्यक्तियों की लोकल विजिलैंस कमेटी होगी। हमने स्थानीय लाभार्थियों की कमेटी बनाने के लिए कहा है। उन सभी को ब्लॉक स्तर पर प्रशिक्षण दिया जाए। जनता की भागीदारी होगी, स्टेट विजिलैंस, एकाउंटेबिल्टी ऐंड ट्रांसपैरेंसी होगी जिससे सब लोग जानें, देखें, समझें। हमें पुराने समय का अनुभव हुआ है। लोग कहते हैं कि गांवों में पैसा पहुंचता नहीं है। एक लॉबी चलती है जो चाहती है कि गांव में पैसा न जाए। अनप्रोडक्टिव खर्चा हो रहा है। कहा गया है इतने हजार करोड़ रुपए खर्च हो जाएगा। गरीब के नाम पर यह सारा हिसाब हो जाता है। अगर मैं हिसाब बताऊंगा तो भंडाफोड़ कर दूंगा। मैं भंडाफोड़ करने वाला हूं। 8 लाख करोड़ रुपए की ब्लैक मनी कहां है? गरीब का हिस्सा कहां गया? डेढ़ लाख नॉन परफॉरमिंग ऐसेट्स कहां गए? गरीब का हिस्सा कहां है? गरीब नॉन परफॉरमिग ऐसेट्स नहीं बनाता है। 98 फीसदी रिकवरी है। सैल्फ हैल्प ग्रुप में बैंकों की रिकवरी 98 फीसदी है। गरीब आदमी का उसमें हिस्सा है।

**श्री लाल मुनी चौबे :** आप भंडाफोड़ करिए।

**डा. रघुवंश प्रसाद सिंह:** मैं वही भंडाफोड़ कर रहा हूं। कहा गया कि परिवार की परिभाषा क्या होगी? न्यूक्लियर फैमिली, सबसे छोटी जितनी होगी, उतनी लाभदायक होगी। माननीय सदस्यों ने जो चिन्ता जाहिर की है और जो सुझाव दिए हैं, उसने मेरा उत्साहवर्द्धन किया है। माननीय सदस्यों ने मुझे मजबूती दी है। मैंने सभी के सुझाव दर्ज किए हैं। संशोधनों में जितने सुझाव आ सकते थे, वे लिए गए। हम गाइडलाइन्स बनाएंगे। जो रूल बनाएंगे, उनमें सभी महत्वपूर्ण सुझावों को शामिल करेंगे और कार्यान्वयन में आपका मार्गदर्शन चाहेंगे। परिवार की परिभाषा उस तरह से की जाएगी जिससे गरीबों को दिक्कत न हो।

देश में पानी का संकट है। अध्यक्ष महोदय, आप इसके बारे में जानते हैं। इसी को देखते हुए आपने एक कमेटी का गठन किया है। पानी के आने वाले संकट पर दूर दृटि से सोचना पड़ेगा। दुनिया में दो तिहाई पानी और एक तिहाई जमीन है। हिन्दुस्तान की जमीन 2.4 परसैंट, आबादी 16 परसैंट है। 97 परसैंट पानी पीने लायक नहीं, तीन फीसदी पानी में, दो फीसदी पानी सरफेज पर, एक फीसदी जमीन में, कुछ बर्फ जमा है। कहीं सूखा, हर साल सूखा और ज्यादातर सूखा पड़ता है जिससे पानी का ग्राउंड लैवल नीचे जा रहा है। इसलिए वाटर कजर्वेशन, रेन वाटर हार्वैस्टिंग, वाटर शैड मैनेजमैंट, ड्राउट प्रूफिंग, फ्लड प्रूफिंग सोशल फॉरैस्ट्री और लैंड डे वलपमैंट को प्रॉयरिटी में रखा है। कहा गया है कि इन सभी को किया जाए।

कई माननीय सदस्यों ने कहा कि कई राज्यों में अलग-अलग ढंग से काम होता है। हमने कहा है कि राज्य सरकारों के परामर्श से दूसरी नई योजनाओं को और नए कामों को जोड़ा जा सकता है। हमने बहुत फ्लैक्सिबिल्टी रखी है जिससे केन्द्र राज्य मिल कर इन सभी परिस्थितियों का सामना कर सकें। मैंने पंचायती राज की भूमिका के बारे में बता दिया है। उससे सभी लोग सहमत और संतुट हैं। पंचायती राज संस्थान, ग्राम पंचायत, ग्राम सभा से लेकर ग्राम पंचायत, ब्लॉक पंचायत, जिला पंचायत, सभी का पूरा इन्वॉल्वमैंट, पार्टिसिपेशन उनका प्रिंसिपल रोल है। कहते हैं कि भ्रटाचार हो सकता है, गड़बड़ी हो सकती है और उसके लिए पूरी सावधानी बरतने की जरूरत है। एक माननीय सदस्य अखबार पढ़ कर बता रहे थे कि इंडियन एक्सप्रेस में छपा कि महाराट्र के कोल्हापुर में गड़बड़ हुई। इतना बड़ा देश है। कहीं भी हेरा-फेरी हो सकती है। मैं यह दावा नहीं करता कि कहीं कोई हेरा-फेरी की गुंजाइश नहीं है। जिले में कैसे लोग हैं, कैसे अधिकारी हैं, चुने हुए लोग कैसे हैं, योजना कैसे लागू हो रही है, यह देखने की जरूरत है। कहीं लूपहोल्स और कहीं त्रुटियों का शिकंजा कसा रहता है। यहां र्हाद मेहता और केतन पारीख जी, 101 लोग हैं। इसलिए उसमें पूरी सावधानी बरती जायेगी और आगे भी बरती जाए, जिससे कि कोई गड़बड़ी न हो। माननीय सदस्यों के सहयोग का हम स्वागत करेंगे कि कैसे-कैसे हम सब कुछ ठीक करें। इसलिए निगरानी रखने की और सम्पत्ति सृजन, यह नीति है, 60 फीसदी लेबर कम्पोनैन्ट मजदूरी में देंगे और केवल मजदूरी में देने से ही काम नहीं चलेगा, स्थायी सम्पत्ति का सृजन इन्फ्रास्ट्रक्चरल फैसिलिटीज का निर्माण भी उससे होगा, 40 फीसदी मैटीरियल कम्पोनैन्ट में इसलिए खर्चा दिया जा रहा है। महाराट्र के अनुभव से हमने पूरा लाभ उठाया है और हम सब अध्ययन कर रहे हैं। इसलिए यह जो ऐतिहासिक विधेयक सदन के सामने आया है, सब लोगों ने इसे उत्साहपूर्वक समर्थन देकर हमें सुझाव दिये, सावधानी बरतने के लिए आग्रह किया और चेतावनी भी दीं, उन सभी के हम कायल हैं। हमने उन सभी के सुझावों को ग्रहण किया है और सभी सुझावों का रूल्स को अमल करने में हम स्वागत करेंगे। इसलिए इस महत्वपूर्ण विधेयक के बारे में जिन-जिन माननीय सदस्यों ने सवाल उठाये हैं, उन सभी सदस्यों का नाम लेकर जवाब देना कठिन है। लेकिन 17 सदस्यों द्वारा जो-जो सवाल उठाये गये हैं, उन सभी के नाम हमारे सामने हैं। उनमें सर्वश्री मोहन सिंह जी, देवेन्द्र प्रसाद यादव जी, सुबोध मोहिते जी, इलियास आजमी जी, तथागत सत्पथी, सुधाकर रेड्डी, बची सिंह रावत जी आदि के नाम हमने दर्ज किये हैं। बाकी सभी के नाम लेना कठिन है। लेकिन इन सभी को हम हार्दिक धन्यवाद देते हैं कि इन सभी लोगों ने पूरी तैयारी के साथ इसमें भाग लिया। श्री अर्जुन चरण सेठी जी, डा.चिंतामोहन, ड़ा.कृणन, श्री निखिलानन्द सर, श्री शैलेन्द्र कुमार, श्री वीर सिंह महतो, श्री जोवाकिम बखला, श्री एम.रामदास, जो अर्थशास्त्री हैं, उनका भी हम इसमें सहयोग लेंगे। हमने जो 150 जिलों में फूड फार वर्क परियोजना लागू की है, उसमें पर्सपैक्टिव प्लान पांच र्वाों का बनाना है। कृपा करके माननीय सदस्य देखें कि दस लाख रुपये एक्सपर्ट का इस्तेमाल करके पर्सपैक्टिव प्लान की तैयारी करने का उसमें प्रावधान है। हमने सभी गाइडलाइंस भेज दी हैं। इसलिए अर्थशास्त्रियों, विशोज्ञों, तकनीशियनों आदि का इस्तेमाल करने का जो सुझाव है, हम उनका भी इस्तेमाल कर रहे हैं और आगे भी करेंगे और सभी सुझावों को मानेंगे। इसलिए सभी का आभार प्रकट करते हुए और सभी पार्टियों के नेताओं और सभी माननीय सदस्यों को जिंदाबाद बोलते हुए मैं इस कविता के साथ अपनी बात समाप्त करता हूं -

"यह देख रोजगार गारंटी कानून आया, बेकारी, गरीबी मिट जायेगी,

मानवता की काली बिन्दी छार-छार हो जायेगी।"

रोजगार गारंटी कानून जिंदाबाद। आप सभी से प्रार्थना है कि सर्वसम्मति से इस ऐतिहासिक कानून को पारित किया जाए, जिससे गरीबों के मन में उत्साह बढ़े, उन्हें रोजगार मिले, गांवों से पलायन रुके और हिन्दुस्तान र्वा 2020 में दुनिया की अगली पंक्ति के देशों में चला जाए, यही हमारा सपना है। इन्हीं शब्दों के साथ मैं अपनी बात समाप्त करता हूं।

MR. SPEAKER: Hon. Members, have a little patience. I have committed that I will allow three to four Members to seek some clarifications. Let us give some rest to the Minister.

SHRI VIJAYENDRA PAL SINGH (BHILWARA): Sir, there is no doubt that we all welcome the Employment Guarantee Scheme but I have a few questions. The Minister has said that most of the rural development schemes will converge into this Employment Guarantee Scheme. It has not been specified as to what will happen to the districts which are not selected for the Scheme. He has not been able to really clarify this. He has also said that there is no limitation of the funds availability. If that is the situation and if the schemes are not going to be stopped in those Districts which are taken up, then why do they not take up more districts? He has not been able to specify it.

Secondly, the criterion for selection of districts has also not been clarified. How are they going to be increased? In the sense that if the districts would have to be selected from all States, would the criterion for selection of districts be apolitical? It is because there is an apprehension that selection of districts would be a political decision. Would the hon. Minister be kind enough to clarify these two points?

**श्री रतिलाल कालीदास वर्मा (धंधुका)** : अध्यक्ष जी।

